## गागर में सागर

### स्वयंसेवकों ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 द्वारा आयोजित विशेष शिविर के पांचवें दिन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने गांव भ्रमण कर समाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों के बीच खेल का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने कबड्डी खो-खो वॉलीबॉल और छुआछूत आदि खेल खेलकर मनोरंजन किया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय ने बताया कि खेल जीवन का अंग है,खेल शारिरिक विकास होता है,कई बीमारियों से निजात पा सकते है। कार्यक्रम में विकास, राजा, श्रुति, पम्मी, आंचल, जयदीप भास्कर, नितेश, विकास, शिवम, शंकर, मनीष, ज्योत्सना किरण आदि दर्जनों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### बरकट्ठा की दो बच्चियों का राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन





**बरकट्ठा।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बरकट्ठा की दो बच्चियों का राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के झारखंड टीम में सलेक्शन हुआ है। विदित हो प्रखंड के झुरझुरी निवासी माजरा खातून पिता मंसूर अंसारी का अंडर 19 एवं चेचकपी पंचायत के पिपराही निवासी मनीषा कुमारी पिता बुधन करमाली का अंडर 14 फुटबॉल टीम में चयन होने से लोगों में हर्ष का माहौल है। इन बच्चियों के झारखंड फुटबॉल टीम में सलेक्शन होने पर विद्यालय की वार्डन सिम्पल कुमारी, फुटबॉल कोच प्रदीप सिंह, खेल शिक्षिका पुनम महतो, लेखापाल प्रिती कुमारी, सरीता कुमारी, अंजु बाला केरकेट्टा ने बच्चियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कोनहारा खुर्द में आयोजित जलसा कार्यक्रम, शामिल हुए सी.के पाण्डेय

**बरकट्ठा।** प्रखण्ड क्षेत्र के कोनहारा खुर्द में आयोजित जलसा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी सह बरकट्ठा जिप सदस्य प्रतिनिधि सी के पाण्डेय,बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी, झुरझुरी मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार,आफताब आलम उपस्थित हुए तथा फीता काट कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। समाजसेवी सी.के पाण्डेय ने कार्यक्रम में कहा कि समाज से बुराई हटाने एवं देश की तरक्की के लिए हमें सौहार्द,प्रेम और त्याग के साथ रहकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर मौलाना तैयब, आबिद अंसारी, सब्बीर अंसारी,आफताब अंसारी, रिंकु माली,मुख्तार अंसारी, मजीद आलम,जाकिर हुसैन, निजाम,मकबूल,असगर,दुर्गा सिंह,गणमान्य समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर डीएवी ने चलाया सफाई अभियान




**बरही।** प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में सफाई अभियान चलाया गया. इसके तहत विद्यालय के बच्चो ने विद्यालय परिसर सहित आस पास के क्षेत्रों का सफाई किया. इस कार्य में विद्यालय के शिक्षकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अपने उदगार व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छ भारत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना था. वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपिता के सपनों को साकार करने के लिए पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया है. पीएम के इस मुहिम में हम सभी को सार्थक सहयोग देने की जरूरत है. हम सबों को अपने घरों के साथ आसपास के परिवेश को स्वच्छ और सुंदर रखने की आवश्यकता है. स्वच्छता से ही स्वच्छ विचार आते है और स्वच्छ विचार से ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. जिससे हम विकास पथ पर बढ़ते है. कार्यक्रम में शिक्षक डीके सिंह, राजेश कुमार, नरसिंह शर्मा आदि सहित कई शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद थे. इस दौरान बच्चों ने स्वच्छता अभियान को लेकर प्रभात फेरी भी निकाली.

### पासवा का शिक्षक सम्मान समारोह, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने 2000 शिक्षकों को किया सम्मानित

# शिक्षकों का समाज में अलग स्थान : वित्त मंत्री





**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से शनिवार को हजारीबाग टाउन हॉल में राज्य के करीब 2000 शिक्षकों को सम्मानित किया गया. शिक्षकों को यह सम्मान झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के हाथों दिया गया. शिक्षक सम्मान समारोह में कई शिक्षाविद, प्रिंसिपल और डायरेक्टर उपस्थित थे. मौके पर पासवा के संरक्षक सह मुख्य अतिथि झारखंड सरकार में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षकों को समाज में विशेष स्थान दिया गया है. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में शिक्षक दिवस मनाया जाता है. वह भी किसी के छात्र रहे होंगे. वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आज वह जिस स्थान पर हैं, वह भी शिक्षक की बदौलत हैं. इसलिए शिक्षक सम्मान के पात्र हैं. पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि शिक्षक पूरा जीवन बच्चों का भविष्य संवारने में लगा देते हैं. बावजूद इसके आज तक किसी भी राज्य की सरकारों की ओर से शिक्षकों को सम्मानित नहीं किया जाता है. इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि प्राइवेट स्कूल्स के शिक्षकों को सम्मानित किया गया है. पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा ने कहा झारखंड में निजी स्कूल के शिक्षकों के लिए सरकार के पास किसी भी तरह का प्रावधान नहीं है, जो बहुत ही दुखदाई है. इस तरह के कार्यक्रम कर संघ शिक्षकों को प्रोत्साहित कर रहा है. साथ ही सरकार के पास भी एक संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि निजी स्कूल के शिक्षकों के लिए भी प्रावधान लाएं. वैसे विद्यालय जिन्हें यू-डायस कोड प्राप्त है, उन्हें भी मान्यता प्रदान करें. विपिन कुमार ने कहा है कि 70% से अधिक बच्चे यू-डायस प्राप्त स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. जहां प्रबंधन बहुत ही कम पैसे में अच्छा शिक्षा दे रहे हैं. साथ ही साथ स्कूल आज के समय में रोजगार का भी एक बड़ा जरिया बन गया है. कई शिक्षकों का परिवार स्कूल के वेतन पर ही निर्भर करता है. इसके बावजूद सरकार निजी स्कूल पर संज्ञान नहीं ले रही है. उन्होंने मंच से सरकार से मांग की कि वैसा प्रावधान लाया जाए जिसमें निजी स्कूलों को लाभ मिले. मंत्री से सम्मान पाने वाले शिक्षक शिवम कुमार ने कहा इस तरह का कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है. निःसंदेह शिक्षकों को सम्मान मिलना उन्हें प्रोत्साहित करता है. शिक्षक समाज में पूजनीय हैं. सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्राइवेट स्कूल चल रहे हैं, जो बड़ी ईमानदारी पूर्वक बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं. बच्चे भी अच्छा कर रहे हैं. कई ऐसे स्कूली बच्चे हैं, जिन्होंने प्राइवेट स्कूल में शिक्षा पाकर सरकारी संस्थानों में भी सेवा दे रहे हैं, जो यह साबित करता है कि छोटे प्राइवेट स्कूल भी अपना दायित्व का निर्वहन अच्छे से कर रहे हैं. इस कारण सरकार को भी संज्ञान लेने की जरूरत है. इससे पहले अतिथियों का स्वागत और सम्मान मोमेंटो देकर किया गया. बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की. मंच संचालन पासवा के जिला महासचिव मिंकू कुमार और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष मेघाली सेनगुप्ता ने किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पासवा की उपाध्यक्ष सुधा कुमारी, प्रदेश महासचिव नीरज सहाय, जिला उपाध्यक्ष उमेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.

### आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन

## 622 मरीजों की जांच, मिला उपचार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सीएस के निर्देशानुसार आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के तहत अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. मेला में आयुष्मान कार्ड, शिशु रोग, हड्डी रोग, स्त्री व प्रसूति रोग, ई एन टी और सामान्य जांच विभाग सहित कुल छह स्टॉल लगाए गए थे. जानकारी देते हुए बीपीएम नारायण राम ने बताया कि मेला में 358 सामान्य, 71 शिशु, 27 अस्थि, 123 स्त्री और प्रसूति एवं 43 मनोरोग विभाग सहित कुल 622 मरीजों का ईलाज किया गया. जेनरल विभाग में स्वयं डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी और डॉ प्रवीण कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अजय कुमार, स्त्री और प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ अंजू प्रभा, मनो चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ रूपा घोष, डॉ प्रवीण कुमार और ईएनटी डॉ साजिया ने मरीजों का इलाज किया. जिन्हे आवश्यकतानुसार दवाइयां भी दी गई. सर्जरी विभाग में मरीज की संख्या नगण्य रही. वही लिंक और सर्वर की स्थिति सही नही होने के कारण आयुष्मान कार्ड का काम नही हो सका. कई लाभुक को लिंक की प्रतीक्षा में मायूस होकर घर जाना पड़ा. शिविर में सहिया साथी निशी कुमारी, गुलशन प्रवीन, बीटीसी रीना वर्मा, रीमा पांडेय सहित बीपीएम, बीडीएम, बीएएम, हेड क्लर्क पंकज कुमार आदि सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया.

### गुरुकुल कोचिंग के संचालक और पत्नी के खिलाफ वारंट जारी

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित गुरुकुल कोचिंग के संचालक जयप्रकाश जैन और उनकी पत्नी शिप्रा जैन के खिलाफ चतरा न्यायालय के एसीजीएम कोर्ट से आईपीसी की दफा 323, 420, 406, 506 एवं 120 बी के तहत जमानतीय वारंट जारी किया गया है. वारंट नौ अगस्त को जारी किया गया है. उसके विरुद्ध जेपी जैन ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी, तो जमानत याचिका रद्द करते हुए कोर्ट ने दो सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया था. यह आदेश 11 सितंबर को दी गई थी. वारंट की कॉपी हजारीबाग सदर थाना भी पहुंच चुका है. इस संबंध में सदर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार लकड़ा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चतरा न्यायालय से जमानतीय वारंट की कॉपी आया है, न्यायालय के आदेश का पालन किया जाएगा. उपरोक्त मामला परिवाद पत्र संख्या 1059/2022 से संबंधित है.

## गैडा आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गैड़ा पंचायत के बीच टोला आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह कार्यक्रम उप मुखिया चन्द्रदीप पाण्डेय के उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत के सभी सेविका और सहायिका मौजूद थी। मौके पर मौजूद लोगों को विभिन्न प्रकार के कुपोषण से बचाव को लेकर जानकारी दी गई। वहीं गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण संबंधित विशेष जानकारी दी गई। साथ ही गर्भवती और धात्री महिलाओं के बीच पोषण सामग्री का किया गया। मौके पर सेविका सामूहिक कार्यक्रम में गर्भवती महिला का गोद भराई और धात्री माता के साथ अन्नप्राशन की रस्म अदा की गई। कार्यक्रम में सेविका नमिता देवी, सुभद्रा देवी, मनिता देवी, प्रियंका देवी, उषा देवी,रेणु देवी, गीता देवी, बबिता देवी, सहायिका कलावती देवी समेत अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

### जर्जर बिजली तार और पोल बदलने को लेकर एसडीओ को आवेदन

**बरही।** मलकोको पंचायत अंतर्गत चतरो के ग्रामीण जर्जर तार और खंभे के कारण पिछले कई दिनों से बिजली समस्या से जूझ रहे है. इसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया विजय यादव सहित जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव को दिया. ग्रामीणों की समस्या के निदान हेतु दोनो जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों संग एसडीओ(ई) सत्यदेव कुमार से मुलाकात किया. साथ ही पूरी बस्तुस्थिति से अवगत कराया. बताया कि चतरो श्मशान घाट से बरियठा मार्ग तक के ग्यारह हजार का बिजली तार और उसके खंभे पूरी तरह जर्जर हो चुके है. साथ ही पांच पोल पूरी तरह टूटकर दुर्घटना को दावत दे रहे है. आए दिन गांव में बिजली गायब रहती है. मौके पर ग्रामीणों ने मामले के संदर्भ में एसडीओ(ई) को आवेदन देते हुए शीघ्र कारवाई की मांग किया. जिसे जनप्रतिनिधियों ने एसडीओ से अति शीघ्र तार और खंभा बदलने की बात कही. एसडीओ ने भी उनकी बातो को गंभीरता से लेते हुए उचित कारवाई करने का आश्वासन दिया.

### कांग्रेस हेल्थ प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने किया प्रखंड का भ्रमण, कहा

## देश में इंडिया गठबंधन की लहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** कांग्रेस प्रमंडलीय स्वास्थ्य अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने बरकट्ठा प्रखंड के कोसमा, डाकडीह, पचफेड़ी,गैड़ा चुगलामो आदि पंचायत का दौरा कर राज्य और केंद्र सरकार के किए गए विकास कार्यों का अवलोकन किया। तत्पश्चात मेहता ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की लहर है। देश का विकास कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी ही कर सकते हैं। राहुल गांधी देश और दुनिया के निर्भीक, निश्चल व निडर नेता है। कांग्रेस के विधानसभा प्रवक्ता प्रो बृजकिशोर मेहता ने कहा कि देश में निजी संस्थान जैसे सीसीएल, बीसीसीएल, रेलवे बैंक,हवाई जहाज समेत अनेकों संस्थाओं को कांग्रेस ने सरकारीकरण किया। वहीं मोदी सरकार निजीकरण करते हुए देश के गरीब नौजवान छात्रों को बेरोजगार बनाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष फहीम खान ने कहा कि इस बार बरकट्ठा विधानसभा में विकल्प और बदलाव चाह रहा है, जो निश्चित डॉ आरसी प्रसाद के द्वारा किया जाएगा। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा की कांग्रेस का बरकट्ठा विधानसभा में जीत हेतू बुथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इसी निमित्त आज प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ मेहता सैकड़ों लोगों से संपर्क करते हुए लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। जिसे प्रदेश के मंत्रियों तक अवगत कराया जाएगा। क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ मतीन खान, मंडल उपाध्यक्ष जलेश्वर यादव, वीरेंद्र सिंह, सुदीप खत्री, फहीम खान, अर्जुन मंडल, लेखराज प्रसाद, राजेश मेहता, राजेश सिंह, मुस्ताक खान, दुर्गा राम चंद्रवंशी, तौकीर अंसारी, चौधरी पासवान, मुस्तकीम अंसारी, दुर्गा प्रसाद चौधरी, पंकज मेहता, रंजीत मिर्धा, पंकज मेहता, श्यामदेव साहू, नवाब आलम, अशोक ठाकुर आदि लोग शामिल थे।

### तीन बच्चियों के जान बचाने वाले साहिल का युवा साथी झारखंड ने किया सम्मानित

**बरही।** करमा की डाली विसर्जन के दौरान ओबरा की तीन बच्चियों को मात्र एक हाथ से नदी में डूबने से बचाने वाला एक हाथ से विकलांग दिवस साहिल उर्फ मो इमदाद को युवा साथी झारखंड संस्थान ने शॉल, टी शर्ट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया. मौके पर संस्थान के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा की मात्र 13 वर्षो के उम्र में अदम्य साहस दिखाने वाला यह बच्चा की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है. नदी की तेज धार में डूबती हुई बच्चियों को जिस प्रकार से छलांग लगाकर बचाया है वह सराहनीय और पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है. युवा नेता संजय मेहता भी मौजूद थे. उन्होंने बताया कि युवा साथी झारखंड ने बच्चे को सम्मानित कर एक अच्छा काम किया हैं. उन्होंने भी बताया कि आगामी 8 अक्टूबर को चौपारण प्रखंड परिसर में होने वाले सभा में भी अनलोगो के द्वारा बच्चे को सम्मानित किया जाएगा. भुनेश्वर यादव ने कहा साहिल जैसे बहादुर बच्चो को जिला ही नहीं बल्कि राज्य और राष्ट्र स्तर पर भी सम्मान मिलना चाहिए. मौके पर साहिल के परिजन सहित युवा साथी झारखंड टीम के सदस्य सरफराज खान, सतीश गुप्ता, सरफराज अंसारी, रिंकू, अनिल सिंह, आदित्य कुमार आदि लोग उपस्थित थे.

### बेलकपी में आयुष विभाग ने किया प्रखंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत बेलकपी स्थित राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय बेलकपी में आयुष मंत्रालय विभाग हजारीबाग के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच प्रखंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, विद्यालय के प्रधानाचार्य छत्रु प्रसाद एवं डॉ गजाला प्रवीण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा बच्चों को नित्य दिन योग करने से शारीरिक लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बच्चों को विधालय प्रांगण में भुजंगासन,भद्रासन,सूर्य नमस्कार,अष्टांग नमस्कार,प्रार्थना मुद्रा आदि योग क्रियाओं का प्रतियोगिता बच्चों के बीच किया गया। मौके पर बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु आयुष मंत्रालय विभाग के द्वारा 250 बच्चों को टी शर्ट, टोपी और मोमेंटो वितरण किया गया।

**बधाई दी**

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

# छात्राओं ने स्वच्छता के लिए किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत सरकार के आदेशानुसार राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग, मास्टर ऑफ सोशल वर्क विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि, सहायक प्रोफेसर संगीता कुमारी एवं पवन कुमार के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने नगर परिषद क्षेत्र के चेटर गाँव में स्वच्छता ही पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजू महतो, अमित सौरभ और पिंकी सिंह एवं कम्प्यूटर एंड साइंस टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार एवं विपुल कुमार द्वारा हाउ टू डू प्रोपर हैंड वॉश और कॅम्पस क्लीनस्ट ड्राइव का आयोजन कर लोगों के बीच अभियान चलाने का शपथ लिया गया। मौके पर कुलाधिपति महोदय बी.एन. साह ने बधाई दी एवं कुल सचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने सभी छात्र छात्राओं को कहा कि हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कथनों का अनुसरण करने की आवश्यकता है अतः यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो स्वस्थ नहीं रह सकता है। साथ ही समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जन आदोलन उत्पन्न करने के उद्देश्य से श्रमदान गतिविधियों को शुरू करने के लिए डीडीडब्ल्यूएस और एम ओएच यूए के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी,परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, वित एवं लेखापदाधिकारी डॉ संजय कुमार, समिति के सदस्य अजय कुमार एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्याता एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भ समापन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**ईचाक।** स्वयंसेवी संस्था महिला मुक्ति के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचाक में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. उक्त जानकारी हुए संस्थान प्रमुख रवि कुमार ने देते हुए बताया कि अंतराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भ समापन दिवस के मौके पर कार्यशाला आयोजित किए गए थे. जिसका मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ से संबंधित था. कार्यशाला की शुरूआत उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया. बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्या रेणु देवी ने सुरक्षित गर्भ समापन पर महिलाओ के प्रति लोगो की मानसिकता में बदलाव लाने की बात कही. सीडीपीओ ने कहा कि लड़कियां स्वास्थ्य एवं सेवा के प्रति जागरूक रहे और स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लें, सहयोग के लिए हम सभी तत्पर है. सुरक्षित गर्भ समापन पर चर्चा करते हुए डॉ चंचला ने किशोरियो और महिलाओ के जागरूक पर जोर दिया. युवा मैत्री परामर्श केंद्र से गीता कुमारी ने बताया कि युवा किशोरी, किशोर प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित शारीरक बदलाव के समय होने वाली परेशानी के लिए परामर्श लें और मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें. कार्यक्रम संचालन करते हुए लीला कुमारी ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर लड़की के साथ यौन हिंसा होने पर उन्हें समाज गलत नजरिये से देखता है. ऐसे में सुरक्षित गर्भ समापन बिना सवाल किये होना चाहिए. गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम पर विस्तृत रूप से चर्चा सुषमा कुमारी और मोना कुमारी ने किया. इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य रेनू देवी, महिला पर्वेक्षिका सुनीता रानी, ए.एन. एम.- कुमकुम कुमारी, अंजू कुमारी, ज्योति कुमारी, सुनीता कुमारी, सेविका झ रीना देवी, उषा देवी आदि शामिल रहीं.

## गागर में सागर

### रमेश प्र. मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट : मडुआटांड़ व चाराडीह की टीम जीती

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट में शनिवार को कोडरमा के सीएच हाई स्कूल में दो मैच खेले गये. 9वें मैच में मडुआटांड की टीम ने छत्तरबर को 1-0 से हराया. कोडरमा के सीएच हाई स्कूल में 25-25 मिनट का यह मैच खेला गया. मडुआटांड की ओर से दीपक यादव ने पहले हाफ के 8वें मिनट में गोल किया. वहीं दसवां मैच चाराडीह एवं तिलैया बस्ती के बीच खेला गया. जिसमें चाराडीह की टीम 5-0 से विजयी रही. चाराडीह की ओर से राजेंद्र ने पहले हाफ के 8वें मिनट में पहला गोल, दूसरा गोल दिव्यांशु ने 19वें मिनट में किया तथा दूसरे हाफ के 9वें मिनट में तीसरा और चौथा गोल 16वें मिनट में गंगाधर ने किया. पाचवां गोल 22वें मिनट में संदीप ने किया. एक सितंबर को 2:30 बजे से किंग क्लब झुमरी तिलैया एवं डोमचांच तथा 3:30बजे से इउ तिलैया एवं मंझगावां के बीच सीएच हाई स्कूल मैदान में खेला जाएगा. मैच को सफल बनाने में विजय राय, रवि यादव, ईश्वर मोदी, जागी, संजय कुमार, पिंटू राणा, संदीप, हरिश, गंगाधर, रोहित, सोनू जुटे रहे. निर्णायक की भूमिका सिकंदर यादव, प्रमेश्वर यादव, दिलीप राम ने निभाई.

### कोडरमाः बिजली बिल ब्याज माफी को लेकर कैंप का आयोजन

**कोडरमा :** जयनगर प्रखंड के ग्राम कटिया पंजाब नेशनल बैंक के समीप बिजली बिल ब्याज माफी को लेकर कैंप लगाया गया. बिजली बिल ब्याज माफी के लिए उपभोक्ताओं की काफी भीड़ देखी गई. लोगों ने अपना-अपना बिजली बिल जमा किया और ब्याज माफी का फायदा उठाया. पूछे जाने पर बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि अधिक राशि हो जाने के कारण हमलोग बिजली बिल जमा नहीं कर पाते थे. बिजली विभाग के द्वारा ब्याज माफी की छूट दी गई, जो फायदेमंद है. हम लोगों ने अपना-अपना बिजली बिल ब्याज काटकर जमा कर दिए. हमलोग अब प्रत्येक महीना बिल जमा करेंगे, ताकि हमें परेशानी से जूझना ना पड़े. बिजली उपभोक्ताओं के द्वारा टोटल 186000 जमा किया गया. जिसमें वन टाइम सेटलमेंट 12 लोगों ने कराया. वहीं 6 जनरल बिल जमा किया गया. कुल मिलाकर 18 लोगों ने जमा कर रशीद कटाया. मौके पर सुबेलाल सिंह, राजेश कुमार यादव, सतीश कुमार लाइनमैन, विकास कुमार रविदास मौजूद थे.

### कोडरमाः स्वास्थ्य मेला में 350 लोगों ने करायी स्वास्थ्य जांच

**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. जिसमें सदर अस्पताल कोडरमा से डॉ. रविकांत कुमार सिंह एवं डॉ. सुरेन्द्र कुमार जेनरल फिजिशियन और सीएचसी सतगावां के चिकित्सकों के द्वारा निः शुल्क जांच कर दवा का वितरण किया गया. वहीं डॉ. रविकांत कुमार ने कहा कि हमलोग कोडरमा से आए हैं, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भवः मेला का आयोजन किया गया. मेला में लगभग 350 मरीजों का इलाज किया गया. वहीं मरीजों को मुफ्त में दवाई भी दी गई. सबसे ज्यादा बुखार सर्दी और खांसी के मरीजों का इलाज किया गया. यह आयुष्मान भवः मेला का आयोजन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक किया जाना है. यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है. इस योजना से वैसे लोगों को ज्यादा फायदा है, जो पैसे के अभाव में अपना समुचित इलाज नहीं करवा पाते हैं. इस योजना से पांच लाख रुपये तक का इलाज देश के किसी अच्छे हॉस्पिटल में करवा सकते हैं. डॉ. रविकांत कुमार ने सभी लोगों से कहा कि आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए हैं तो जल्द से जल्द सतगावां स्वास्थ्य केंद्र में बनवा लें. वहीं मौके पर डॉ. सुरेन्द्र कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ. सतनारायण भगत, डॉ. केडी चौधरी, डॉ. टिकेश्वर नाथ, डॉ. विपुल कुमार, डॉ. सिरीन विनोद, डॉ. पीयुष कुमार,आयोग मित्र विक्रम कुमार, डाटा ऑपरेटर विपुल कुमार, रोहित कुमार, अनुज कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

### हत्यारोपी महिला को आजीवन कारावास एवं 10000 जुर्माना

**सिमडेगा।** सिमडेगा पीडीजे राजकमल मिश्रा की अदालत ने शनिवार को हत्यारोपी को आजीवन कारावास एवं 10000 जुमार्ना की सजा सुनाई है।जुमार्ना नही भरने पर 6 महीना अतिरिक्त कारावास के निर्देश दिए है।इस सम्बंध में ठेठईटांगर थाना कांड संख्या 14/18 धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज है।इस संबंध में बताया गया कि ठेठईटांगर के केरया पहान टोली गाँव निवासी ज्योति लुगुन के द्वारा गाँव के सुनीता देवी के ऊपर अपने पिता सूरसेन लुगुन का हत्या करने का मामला दर्ज करवाया था।बताया गया कि सुनीता देवी ने 4 जनवरी 2018 को ज्योति लुगुन के पिता सूरसेन लुगुन की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी।बाद में अभियुक्त सुनीता देवी को गिरफ्तार किया एवं उसके निसानदेही पर हत्या में प्रयोग किये गए कुल्हाड़ी बरामद किया गया।साक्ष्य के आधार पर कुल 9 गवाहों के बयान दर्ज किए गए जिसके आधार पर पीडीजे राजकमल मिश्र की अदालत ने सुनीता देवी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 10000 जुमार्ना की सजा सुनाई है।इधर अभियोजन पक्ष में प्रभारी लोक अभियोजक अमित कुमार श्रीवास्तव ने साक्ष्य एवं दलीलें पेश की।

### हाथियों के उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने किया पूर्व मंत्री के साथ बैठक

# ग्रामीणों की समस्या पर समुचित पहल करें वन विभाग: एनोस एक्का





**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अंतर्गत पीड़ियापोस में हाथी भागने को लेकर ग्रामीणों ने गांव के लोगों के साथ बैठक की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का को आमंत्रित किया गया। ग्रामीणों ने हाथी संबंधित समस्याओं से पूर्व मंत्री का अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा बोलबा में हाथियों का उत्पात नहीं थम रहा और हाथी घरों को क्षतिग्रस्त करे रहे है और घर मे रखें अनाज को चट कर रहे। हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।पर हाथी भगाने का को लेकर विभाग या सरकार द्वारा कोई उचित पहल नहीं किया जा रहा है। बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा लगातार जंगली हाथियों के आतंक क्षेत्र में बरकरार है लेकिन इसके बावजूद ना तो वन विभाग इस पर विशेष ध्यान दे रही है और ना ही सरकार इस पर कोई समुचित ठोस कदम उठा रही है जिसका खामियाजा यहां के स्थानीय ग्रामीणों को हो रहा है ।लगातार कई बार ग्रामीण रात भर जगने पर विवश है। हाथियों के आतंक की वजह से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं लेकिन उनकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय क्षेत्र में दिखते हैं लेकिन अभी लोगों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर राजभोग रही है लेकिन जनता खून के आंसू रो रही । विभाग द्वारा जल्द अगर हाथी भागाने को लेकर कोई पहल नही किया गया तो। झारखंड पार्टी ग्रामीण संग मिलकर फॉरेस्ट विभाग का गेराव करेगा। साथी अगर विभाग इसके बाद भी ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए कोई उचित पहल नहीं करता है तो हम लोग ग्रामीणों के साथ मिल कर एच143 को अपनी मांगों को लेकर जाम कर धरना देंगे। और लोगों के हक अधिकार दिलाने का कार्य करेंगे। इस क्षेत्र में हाथियों को भगाने के लिए समुचित प्रयास झारखंड पार्टी करेगा । मौके पर युवा जिलाध्यक्ष विभव सन्देश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे,जिला परिषद सदस्य बोलबा अनिता सोरेन, अमन खेस , बिरसा मांझी,महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सरोजनी कुजुर, नुयल सोरेंग, मेरतल खालखो, बुकास केरकेट्टा, कमला केरकेट्टा, प्रफुल्लित केरकेट्टा, नारायण साहू, बिमला कुल्लू, रामदयाल प्रसाद, असरिता कुल्लू, कुन्ती देवी संकर मांझी, मुकेन्द्र साहू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### ठेठईटांगर प्रखंड में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जोराम पंचायत पावर ग्रिड जंगल में जंगली हाथियों का झुंड चार दिनों से आतंक मचाकर फसलों को नुकसान पहुचा रहे है। इन चार दिनों में सैकड़ों क्विंटल खेत में लगे फसल को बर्बाद कर चुका है। बीती रात राजाबसा पंचायत के ग्रामीणों ने जंगल से खदेड़ते हुए केरया पंचायत के जोधिटोली रात 12:00 बजे लगभग पहुंचाया था। लेकिन पर्याप्त मसाल, तेल नही होने के कारण पहिंपहर नदी पार नहीं करा पाए। जिस वजह से जंगली हाथियों का झुंड पुनः पावर ग्रिड जंगल की ओर वापस चले गए।वही जोधिटोली निवासी सोनी बड़ाइक, पुष्पा बड़ाइक, खुशबू बड़ाइक, पिंक बड़ाइक और कट्टरटोली निवासी जॉर्ज सोरेंग, विजय बा, डोमनिक बा,अलक्सियस सोरेंग, केलिमेंट सोरेंग, सिपरियांन बा,रेबेका सोरेंग और फुलजेमस सोरेंग के खेतों में लगे फसल को खाकर रौंद कर बर्बाद कर दिया हैं ग्रामीणों ने जंगली हाथियों के झुंड को भगाने के लिए वन विभाग से अपील की है।

### सदर अस्पताल में लगा आयुष्मान मेला

**सिमडेगा।** आयुष्मान भव सेवा पखवाडा के तहत शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया। आयुष्मान मेला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो, डॉक्टर आनंद खाका और सिमडेगा सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सजल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयुष्मान मेले में मरीजों की सुविधा के लिए अलग अलग काउंटर बनाए गए थे। जिसमे लोगो के स्वास्थ जांच के साथ स्वास्थ्य संबधी परामर्श दे दिए जा रहे थे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों की जांच कर दवाइयां वितरित कीं।चिकित्सकीय सेवा अंतर्गत सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, मलेरिया, कुष्ठ, यक्ष्मा इत्यादि का निशुल्क इलाज किया जा रहा है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में अमृत कलश यात्रा शुरू

**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत 'अमृत कलश यात्रा' का शुभारंभ किया गया। मौके पर महेंद्र कुमार अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा एवं बी पी गुप्ता प्राचार्य, जनवि, कोलेबिरा ने संयुक्त रूप से अमृत कलश में विद्यालय की माटी डालकर उसे विद्यालय वाहन द्वारा जिला भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय वाहन जिले की प्रमुख जगहों से गुजरेगी एवं सम्मानित लोगों से अमृत कलश में माटी संग्रहित करेगी।

## बिजली बिल की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री से लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बिजली बिल की समस्या को लेकर शनिवार को पाकरटांड़ प्रखंड के सोगड़ा गांव के सैकड़ो ग्रामीण ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बिजली बिल में कई प्रकार की गलती होने की शिकायत की।साथ ही बताया कि एक ही परिवार के अलग अलग सदस्यों के नाम पर अलग-अलग बिजली बिल आने रही जिससे ग्रामीण परेशान है ।इधर ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहले भी चंदा करके ट्रांसफार्मर लगवाए था। साथ ही बताया कि इस मामले में वर्तमान विधायक भूषण बाड़ा को भी सूचना दी गई थी लेकिन इस मामले में किसी प्रकार की कोई भी पहल नहीं की गई जबकि उनके पैतृक गांव वह क्षेत्र है। हम महिलाएं खेती बाड़ी करके किसी प्रकार अपना जीवन यापन करते हैं और इस प्रकार से बिजली विभाग की ओर से मनमाना तरीके से बिजली बिल भेजा जा रहा है जिससे कि ग्रामीण काफी डरे हुए है। ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्व मंत्री ने जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया।

### डीसी ने की परामर्शदात्री समिति की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की परामर्शदात्री समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने बैठक के दौरान आर.एस.ई.टी.आई. द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे जानकारी लिया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में संस्थान द्वारा युवाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य की समीक्षा किया। उन्होंने स्वरोजगार हेतु विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षणार्थियों को सफल प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों का प्रॉपर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार हेतु बैंक से लोन मुहैया कराने का निर्देश दिया। उन्होंने संस्थान में व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक सजीव चौधरी, आर. एस.ई.टी.आई. निदेशक, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिमडेगा के सेवानिवृत्त हुए डीडीसी को जेएसएलपीएस कार्यालय में दी गयी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए ।मौके पर जेएसएलपीएस सिमडेगा के कार्यालय में उन्हें विदाई दी गई। इस क्रम में डीपीएम, मनीषा साँचा के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं समूह की दीदियों के द्वारा निर्मित परिधान एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस के प्रति उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए डीपीएम के द्वारा धन्यवाद दिया गया साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई ।डीडीसी के द्वारा जेएसएलपीएस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी का कार्य सरकार के दृष्टिकोण में बहुत महत्वपूर्ण है ,क्योंकि आप सभी की पहुंच गांव के प्रत्येक घरों तक है। आप सभी को महिलाओं के पुनरुत्थान का कार्य दिया गया है ।जिसे जेएसएलपीएस बखूबी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले में जेएसएलपीएस के कार्यों का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा है। उन्होंने सदैव अपना मार्गदर्शन देने की बात कह कर सभी कर्मियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने शुभकामना देते हुए जेएसएलपीएस के बेहतर भविष्य की कामना की साथ ही जेएसएलपीएस के प्रत्येक कर्मियों के द्वारा उनके बेहतर भविष्य और स्वास्थ्य के प्रति कामना की गई ।समारोह में सभी जिला प्रबंधक सहित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला की संपूर्ण टीम उपस्थिति रही।



### मामूली विवाद में दो लोगों ने खाई जहर

**सिमडेगा।** सिमडेगा में छोटी-छोटी बातों में जहर खाकर खुद की जान देने की कोशिश करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को फिर छोटी-छोटी विवाद के दो मामलों में दो लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार पहली घटना बेंदोजोर की है। जहां पति के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा होने पर असीसन टोपनो नामक महिला ने जहरीली कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जहरीली कीटनाशक खाने से महिला की हालत बिगड़ने लगी तब उसके परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां महिला का इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी घटना तरगा की है। जहां अपनी पत्नी के साथ झगड़ा होने पर पति राजेश साहू की पत्नी के द्वारा कुछ कड़ी बात कर देने से राजेश ने जहरीले कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

## रांची के लिए रवाना हुई जिला महिला कांग्रेस कमेटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी शनिवार को झारखंड महिला मैत्री महासम्मेलन में भाग लेने रांची के लिए रवाना हुई। महिला कांग्रेस नेत्री सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा सीता एक्का सहित दर्जनों महिला कार्यकर्ता सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के आवास से रांची के लिए रवाना हुई। वहीं रवाना होने से पूर्व महिला कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, महिला कांग्रेस कमेटी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, प्रियंका गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, विधायक भूषण बाड़ा जिंदाबाद आदि जयकारा भी लगाई। अपने सम्बोधन में जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कहा कि कांग्रेस में ही महिलाओं का पूरा सम्मान मिलता है। रांची में आयोजित यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। रांची जाने वाले में जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, तारसीला खड़िया, पुष्पा डुंगडुंग, नीलिमा मिंज, फ्लोरा मंजू तिर्की, रीता कीड़ो, प्रतिमा कुजूर, लीला नाग, पूनम लकड़ा, उर्मिला केरकेट्टा, जुली लुगुन, सविता लकड़ा, नीलिमा खाखा, किरण तिर्की, संगीता किस्पोट्टा, सहित दर्जनों महिला कार्यकर्ता शामिल है।



### भाजपा बानो के नेताओं ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत

**बानो ।** प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह एवम समाज सेवी फीरू बड़ाईक के द्वारा बानो थाना के नए थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए मुलाकात किए । मौके पर क्षेत्र समस्याओं के बारे चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा की आप सभी लोग पुलिस का सहयोग करें ताकि क्षेत्र में अमन चैन बना रहे ।इसे कायम रखने में आप सभी सहयोग करें ,आम नागरिकों से भी अपील है की किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो इसकी जानकारी तुरंत बानो थाना को दे।मौके पर अमित सोनी,धीरज गुप्ता मौजूद थे ।

## आस्था

### नमामि गंगे योजना के तहत रजरप्पा मंदिर में गंगा आरती आयोजित

# गंगा आरती में डीसी-एसपी ने लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना अंतर्गत 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 30 सितंबर 2023 को चितरपुर प्रखंड अंतर्गत रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं रामगढ़ जिले वासियों सहित अन्य की उपस्थिति में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, राज्य समन्वयक नमामि गंगे योजना अंजना भारती सहित अन्य का दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर स्वागत किया गया। गंगा आरती के पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य के बनारस से आई टीम ने शिव तांडव स्त्रोत सहित अन्य मनमोहक नृत्यों के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया जिसके उपरांत बनारस के ही पंडितों के द्वारा संस्कृत श्लोकों भजनों व मंत्रों के साथ गंगा आरती संपन्न कराई गई। गौरतलब है कि नमामि गंगे योजना के तहत पूर्व में भी रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र में गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है पर इस बार उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर भव्य तरीके से गंगा आरती का आयोजन कराया गया। वहीं, उपायुक्त द्वारा जारी किए गए वीडियो संदेश के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सहित अन्य लोगों ने गंगा आरती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक के समीप स्थित गांधी घाट को भी पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का निर्णय लिया गया है जिसके उपरांत उन्होंने जिले के वरीय अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए हैं वहीं उन्होंने जिले वासियों से भी किए जाने वाले विकास कार्यों से संबंधित सुझाव मांगे है। गंगा आरती के आयोजन के दौरान जनप्रतिनिधियों, जिले के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, गंगा समिति रामगढ़ के सदस्यों, दामोदर बचाओ संस्था के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच का संचालन कमल किशोर बगड़िया द्वारा किया गया।



## वीर शहीद तेलंगा खड़िया बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोरोमीया पंचायत अंतर्गत भुटकुदर मैदान टोली में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित वीर शहीद तेलंगा खड़िया फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। खेल में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, विशिष्ट अतिथि प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रिसिला डुंगडुंग, उपस्थित हुए।मुख्य अतिथि बिपिन पंकज मिंज एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा परिचय प्राप्त कर एवं टोस करा कर खेल शुरू कराया।वही बालिका वर्ग में कोरोमिया एवं सालगापोस के बीच मैच खेला गया इसमें सलगापोस ने पेनाल्टी शूटआउट में 2-0 से जीत हासिल किया ,वहीं बालक वर्ग में कदमडीह ए एवं कादमडीह बी के बीच मैच खेला गया जिसमें कदमडीह ए 1-0 से जीत हासिल किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार में जर्सी सेट एवं फुटबॉल विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कोनगाड़ी की ओर से प्रदान किया गया।मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी का सोंच है कि खेल के माध्यम से भी करियर बनाया जा सकता है। इसलिए हर गांव हर बस्ती में खिलाड़ियों को उभारना है। उन्हें आगे लाना है उसी के तहत इस तरह का टूर्नामेंट हर पंचायत में कराया जा रहा है, खेल को खेल की भावना से खेलें एवं कमेटी के बनाए नियम अनुसार खेले अनुशासन में रहे। जिससे आप अपने भविष्य के जीवन में भी इसका लाभ ले सकते हैं।आयोजन को सफल बनाने में मुकुल डुंगडुंग,बसन्त सुरीन, राजेश टोप्पो, राजेश डुंगडुंग,आकाश डुंगडुंग,जेम्स कंडुलना, आदि का योगदान भरपुर रहा।



## गागर में सागर

### पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

**पटना/मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले की सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दरधा गांव से शुक्रवार रात एक मुस्लिम युवक को आपत्तिजनक पोस्ट प्रधानमंत्री और हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोहम्मद आकिब ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पुलिस को युवक के मोबाइल फोन में सोशल मीडिया पर अनेकों भड़काऊ पोस्ट देखने को मिले हैं, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित हिंदू धर्म के देवी देवताओं के खिलाफ अभद्रता पूर्वक टिप्पणी लिखी गई है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस बाबत डीएसपी पूर्वी ने बताया कि एक युवक ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने वाला पोस्ट किया था। इसकी गंभीरता को देखते हुए सकरा थाना पुलिस की टीम ने बीती देर रात उसके घर पर छापेमारी कर पकड़ा है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर या फिर आपत्तिजनक कमेंट किया गया होगा उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### 120 किलो गांजा के साथ छह गिरफ्तार

**अररिया।** सीमा पार नेपाल के सुनसरी जिला के बराह क्षेत्र में नेपाल सशस्त्र पुलिस बल ने शनिवार को 120 किलो तस्करी के गांजा के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार छह लोगों में चार भारतीय बथनाहा ओपी क्षेत्र के हैं,जबकि दो अन्य नेपाली नागरिक है।नेपाली नागरिक गांजा तस्करी में लाइनर का काम कर रहे थे। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के पुलिस उपरीक्षक विक्रम होमागाई के कमाण्ड की टीम के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान एक सुमो गाड़ी को भी जब्त किया गया है।जिसके सीट के नीचे छुपा कर रखे गए एक सौ बीस किलोग्राम गाँजा बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार चतरा पुल से बराह मन्दिर जाने वाली सड़क खण्ड से भारतीय नम्बर प्लेट बीआर 02आर-9994 के सुमो के सीट के नीचे से बरामद गांजे की खेप बथनाहा लाने की योजना थी। गांजा तस्करी के कारोबार के आरोप में अररिया जिले के बथनाहा निवासी सवारी चालक मो. सिराज,फेना बेलाही का अस्ताजु आलम,नसीम आलम तथा अररिया का ओम प्रकाश रजक शामिल है।

### कटघोरा वनमंडल में बेबी एलीफेंट की मौत

**कोरबा/रायपुर।**कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा वन परिक्षेत्र के नागोई गांव के सालिया भाटा में बेबी एलीफेंट की मौत हो गई है। वन विभाग का अमला सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचा है और मामले की जांच कर रहा है।कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत ने बताया कि घटना की सूचना बीती रात बाद अलसुबह 3 बजे मिली जटगा वन परिक्षेत्र के सालियाभाटा गांव में बेबी एलीफेंट की मौत की सूचना मिली। तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली गई और आगे की जांच कार्रवाई की जा रही है।अनुमान है कि तालाब के दलदल में फंसने से उसकी मौत हुई है। वहीं घटना स्थल से कुछ दूर पर हाथियों का झुंड मौजूद है। बीते कुछ समय से कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत 40 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है।

### एएसआई ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

मुरैना। जिले के बागचीनी थाने में पदस्थ एएसआई राकेश यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे बागचीती थाना परिसर में सरकारी आवास में रहते थे, जहां शनिवार सुबह करीब 10 बजे उन्होंने फांसी लगा ली। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई करने के कबाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। जानकारी मिलते ही एएसपी डॉ. अरविन्द ठाकुर भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि एएसआई ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम के साथ पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण दिनाजपुर। खाली घर का फायदा उठाकर पड़ोस के एक युवक पर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता 10वीं कक्षा की छात्रा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पड़ोस के युवक ने बहलाकर फुसलाकर दुष्कर्म किया है। घटना के समय घर खाली था। जिसका युवक ने लाभ उठाया। दुष्कर्म के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया गया। हालांकि, दर्द होने पर पीड़िता ने यह बात अपनी मां को बताई। इसके बाद बीती रात बालुरघाट थाने में पड़ोसी युवक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई है।

# नवाचार के वैश्विक परिदृश्य से परिचय कराएगा कृषि कुंभ 2.0 : सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में कृषि कुंभ 2.0 को वैश्विक समारोह बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह आयोजन बीज से बाजार तक और दुनिया भर में कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही तकनीक से लेकर नवाचार तक की जानकारी देने वाला होगा। आयोजन दिसंबर के दूसरे सप्ताह में संभावित है।



शनिवार को इसकी समीक्षा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि कुंभ 2.0 में प्रदेश के प्रत्येक जनपद के साथ देश के हर राज्य की भागीदारी कराई जानी चाहिए। हर राज्य में कृषि क्षेत्र में हो रहे बेस्ट प्रैक्टिस को प्रदर्शित किया जाए, इससे हमारे किसान तकनीकी दृष्टि से और संपन्न हो सकेंगे।

उन्होंने कहा कि कृषि कुंभ के दूसरे संस्करण में दो लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता कराई जाए। जापान, इजरायल, क्रोएशिया, पोलैंड, पेरू, जर्मनी, यूएसए, फिलीपींस, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया जैसे देशों में खेती-किसानी को लेकर अनेक अभिनव कार्य हो रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तर्ज पर संबंधित देशों में भारतीय दूतावासों/उच्चायोग से संपर्क कर इन देशों को कृषि कुंभ में कंट्री पार्टनर के रूप में सहभागी बनाने के प्रयास किए जाएं।

सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में होगा, जबकि इससे पूर्व नई दिल्ली में कर्टेन रेजर इवेंट भी आयोजित किया जाएगा। सीएम ने कहा कि सम्मेलन के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने की तैयारियों, श्रीअन्न के प्रोत्साहन, एफपीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा कराई जानी चाहिए।

# शुभेंदु ने कहा- फरवरी में होंगे लोकसभा चुनाव

**एजेंसी। कोलकाता**



लोकसभा के चुनाव कब होंगे, इसे लेकर देश भर में अटकलों का बाजार गर्म है। कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया था कि दो-तीन महीने पहले चुनाव हो सकते हैं। अब वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को इस बारे में महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि फरवरी महीने के अंत से पहले चुनाव हो जाएगा। मूल रूप से शिक्षक नियुक्ति में भ्रष्टाचार को लेकर वह मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि अपर प्राइमरी परीक्षा के नाम पर पश्चिम बंगाल सरकार ने भारी घपला किया है। परीक्षार्थियों से परीक्षा शुल्क के नाम पर 27 करोड़ रुपये की वसूली की है। प्रत्येक परीक्षार्थी से 500 रुपये लिए गए हैं और 27 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। केवल दो करोड़ रुपये का खर्च होगा। आठ दिसंबर को परीक्षा होनी है। उसके बाद उसका रिजल्ट लोकसभा चुनाव परिणाम से पहले नहीं आएगा। शुभेंदु ने कहा कि फरवरी के लास्ट तक लोकसभा चुनाव हो जाएगा और रिजल्ट आने वाले हैं नहीं। ऐसे में नौकरी होगी या लाठीचार्ज होगा, यह कोई नहीं जानता। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परीक्षार्थियों से जो अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये की वसूली पश्चिम बंगाल सरकार ने की है उसका इस्तेमाल सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ताओं की फी देने के लिए राज्य सरकार करेगी, ताकि अवैध तरीके से नियुक्त किए गए लोगों की नौकरी बचा कर रख सके।

# स्कूली छात्र गौतम की नृशंस हत्या के दोनों आरोपियों ने किया सरेंडर

**एजेंसी। नवादा**

नवादा जिले के मेसकौर थाना इलाके में स्कूली छात्र की नृशंस हत्या के दोनों आरोपितों ने शनिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। पुलिस लगातार दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही थी। पुलिस के हत्थे चढ़ पाएं, इसके पहले ही दोनों ने शनिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। रजौली के एसडीपीओ पंकज कुमार द्वारा दोनों आरोपितों लूटन और कुंदन के कोर्ट में सरेंडर की पुष्टि की गई है।



एसडीपीओ ने कहा कि शव की बरामदगी के 15 घंटे के अंदर केस को सॉल्व कर लिया गया था। दोनों आरोपितों की पहचान कर ली गई थी। सीसीटीवी फुटेज सहित वैज्ञानिक अनुसंधान और अन्य श्रोतों से जो साक्ष्य मिले थे उसमें लूटन और कुंदन ही घटना में संलिप्त पाए गए थे। ऐसे में दोनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही थी। दीगर ये कि यह हत्या महज 1100 रुपए के लिए की गई।नवादा जिले के मेसकौर थाना क्षेत्र के तेतरिया कौआबारी बधार स्थित एक कुआं से स्कूली छात्र गौतम का शव बरामद हुआ था। बुधवार को दोपहर बाद कौआबारी बधार में पशु चराने गए पशुपालकों की नजर कुआं में तैरता शव पर पड़ा था।

बाद में शव की पहचान मेसकौर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी संजय कुमार के 14 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार के रूप में की गयी थी। गौतम लाटो यादव उच्च विद्यालय में 9वीं का छात्र था।गौतम 19 सितंबर से लापता था। उसके दो दोस्त उसे घर से बुलाकर मोटरसाइकिल से मेसकौर बाजार की ओर निकले थे।9 दिनों बाद बुधवार यानी 27 सितंबर की शाम गौतम का शव कुआं में मिला था।

# कमलनाथ का भाजपा पर बड़ा हमला, कहा- भाजपा के नारों में आवाज है, विश्वास नहीं

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में इन दिनों चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा उम्मीदवारों की सूची में बड़े नाम आने के बाद से ही कांग्रेस हमलावर हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने विधानसभा चुनावों के उम्मीदवारों को लेकर एक बार फिर भाजपा और मुख्यमंत्री शिवराज पर जुबानी हमला बोला है। इसके साथ ही कमलनाथ ने दावा किया है कि जब विधानसभा चुनाव में ही ये सांसद हार जाएँगे तो इन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट न देने का बहाना ये कहकर मिल जाएगा जिससे नये प्रत्याशी लाकर भाजपा एन्टी इन्कम्बेन्सी को थोड़ा कम कर पायेगी। कमलनाथ ने शनिवार को एक्स के माध्यम से निशाना साधते हुए कहा मप्र के हर गाँव, हर



बस्ती, हर शहर के हर मतदाता तक अब ये बात फैल गयी है कि भाजपा बस दिखाने के लिए 2023 का विधानसभा का चुनाव लड़ रही है दरअसल भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का लक्ष्य 2024 का लोकसभा चुनाव है, जिसमें भी उसे हार ही दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि वो विधानसभा बुरी तरह हार रही है तो ऐसे में भाजपा के केंद्रीय चुनावी रणनीतिकारों ने ये सोचा कि जनता का आक्रोश और गुस्सा 2024 से पहले ही 2023 में ही निकलकर कुछ कम हो जाए तो शायद 2024 में भाजपा अपनी शर्मनाक हार के अंतर को थोड़ा कम कर सके। इसीलिए भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व विधानसभा चुनाव में अपने सांसदों को लड़वाने पर जोर दे रहा है। जब विधानसभा चुनाव में ही ये सांसद हार जाएँगे तो इन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट न देने का बहाना ये कहकर मिल जाएगा कि जो भला विधानसभा नहीं जीत पाए तो वो लोकसभा क्या जीतेंगे, ऐसे में फिर नये प्रत्याशी लाकर भाजपा एन्टी इन्कम्बेन्सी को थोड़ा कम कर पायेगी। इसीलिए दिल्ली और भोपाल की भाजपा में एक अदृश्य युद्ध चल रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की आशीर्वाद यात्राओं से लेकर चुनावी मंचों तक ये आपसी मनमुटाव भाजपाई नेताओं के चेहरों और भाषणों में साफ झलक रहा है। भाजपा के नारों में आवाज है, विश्वास नहीं।

# पीएससी भर्ती में कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच कर दोषी पर कार्रवाई होगी: सीएम बघेल

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पीएससी की परीक्षा देने वाले किसी भी एक अभ्यर्थी ने अब तक शिकायत नहीं की है। यदि किसी तरह की कोई भी शिकायत आती है या किसी अभ्यर्थी द्वारा एक भी शिकायत की जाती है तो हम हर शिकायत की गंभीरता से जांच करेंगे। किसी का अधिकार छीनने का किसी को भी हक नहीं है। जब आप योग्य हैं, आप परीक्षा दे रहे हैं, आप पात्रता रखते हैं तो उसका लाभ आपको निश्चित रूप से मिलना चाहिए। यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच करेंगे और यदि कोई दोषी है तो उस पर जरूर कार्रवाई होगी।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ हूं। उन्होंने युवा साथियों से अपील करते हुए कहा कि युवा साथी किसी भी तरह के बहकावे में ना आए, अपनी तैयारी मेहनत और लगन से करते रहे। पीएससी की परीक्षा के रिजल्ट आए कई दिन हो गए हैं, अब तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी अधिकारी का पुत्र-पुत्री होने में कोई दोष नहीं है, परीक्षा में सारे अभ्यर्थी समान रूप से शामिल होते हैं और उसी तर्ज पर सफलता पाते हैं। लेकिन यदि इसका अनुचित लाभ उठाया जाता है तो यह गलत है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने जानकारी दी है कि आयोजित परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में अभ्यर्थियों द्वारा तरह-तरह के अभ्यावेदन/शिकायत दिए जाते हैं जैसे कि शैक्षणिक अर्हता आयु मे छूट, आरक्षण रोस्टर, लिंग/जन्मतिथि परिवर्तन आवेदनों को भरने में विभिन्न प्रकार की त्रुटि. अनुक्रमांक, केन्द्र, परीक्षा की तिथि आगे-पीछे करने आदि प्राप्त सभी अभ्यावेदनों/शिकायतों पर आयोग द्वारा तत्काल संज्ञान में लिया जाकर निराकरण किया जाता है। अभ्यावेदनों/शिकायतों पर आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय में की जाती है जिससे कि अभ्यर्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। वर्ष भर परीक्षाओं को निर्बाध रूप से संपन्न कराने की कार्यवाही लगातार करते रहने एवं अभ्यर्थियों के आवेदनों को समय पर निराकरण करने में आयोग द्वारा पूर्ण पारदर्शिता बरती जाती है। इसके उपरांत अभ्यर्थियों एवं कतिपय लोगों के द्वारा भ्रामक जानकारी देकर आयोग को आक्षेप लगाया गया है कि ये परीक्षा में बैठे हैं, साक्षात्कार में भी उपस्थित हुए हैं. परन्तु उनके उत्तीर्ण होने की घोषणा में दूसरे का नाम जारी कर दिया गया है। उक्त प्रकरण की जांच करने पर शिकायत तथ्यहीन व निराधार पायी गई तथा संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध आयोग द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया। एक अन्य अभ्यर्थी के द्वारा अधिक अंक प्राप्त होने के बाद भी साक्षात्कार में नहीं बुलाने संबंधी शिकायत आयोग कार्यालय को प्राप्त हुआ था, प्राप्त शिकायत का परीक्षण करने पर शिकायत गलत पाया गया।

# केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी कृपा नहीं : वित्त मंत्री

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार में जदयू कोटे से वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को जानकारी दी कि केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी में केन्द्र की कोई सहायता या कृपा नहीं होती है। यह वित्त आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्डों के आधार पर निर्धारित की जाती है और वर्ष 2023-24 के लिए बिहार को 1,02,000 करोड़ (एक लाख दो हजार करोड) रुपये मिलनी है।



विजय चौधरी ने कहा कि बिहार के पूर्व वित्त मंत्री का यह बयान भ्रामक है कि बिहार को केन्द्र अधिक सहायता करता है, भ्रामक एवं तथ्यहीन है। छः महीने यानि आधे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सिर्फ 42000 करोड़ रुपये ही मिले हैं, जो आधे से भी कम हैं। दूसरे, केन्द्रांश की बची राशि के ब्याज का भुगतान सालाना तौर पर बिहार सरकार द्वारा समय से किया जाता है। अभी तक इस आधार पर कोई आवंटन नहीं रुका है। विजय चौधरी ने कहा कि वित्त आयोग द्वारा मापदण्ड निर्धारित करने में ही बिहार के हित की अनदेखी की जाती है। प्रति व्यक्ति आय, जनसंख्या का घनत्व आदि जैसे, गरीबी से जुड़े सूचकांकों को राशि के क्षैतिज बंटवारे में तरजीह नहीं दी जाती है, जिसके कारण बिहार के हकमारी की स्थिति पैदा होती है। लगता है कि पूर्व उप मुख्य मंत्री समझते तो जरूर होंगे परंतु केन्द्र की अंधभक्ति में जान-बूझकर बिहार की जनता को गुमराह करते हैं।

**पहल** | कृषि यंत्र बैंक संचालित कर आधुनिक कृषि को बढ़ावा दे रही हैं जीविका दीदियां

# आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं

**एजेंसी। बेगूसराय**

आत्मनिर्भरता के लिए शुरू की गई जीविका योजना ना केवल ग्रामीण महिलाओं के अर्थोपार्जन का नया अध्याय बन गया है, बल्कि इस अभियान ने महिलाओं में छुपी प्रतिभा और परिवार के समर्पण को भी मूर्त रूप दिया है। उन्नत खेती के लिए भी जीविका से जुड़ी महिलाएं गंभीरता पूर्वक कार्य कर रही है। कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने तथा आधुनिक तरीके से खेती कर अधिक उत्पादन के साथ जीविका दीदियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने को लेकर जीविका द्वारा कृषि यंत्र बैंक का संचालन किया जा रहा है। इस योजना द्वारा खेती-किसानी में जीविका दीदियों को काफी मदद मिलती ही है। वहीं कृषि यंत्र बैंक से जीविका दीदियों के आय का सृजन भी होता है।

जीविका द्वारा संपोषित कृषि यंत्र बैंकों द्वारा कृषि गतिविधियों से जुड़ी जीविका दीदियों एवं उनके परिजनों को बाजार से कम दर पर विभिन्न कृषि यंत्रों को भाड़े पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। एक समय था जब ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के उत्पादन कम होने के अनेक कारण थे। समुचित कृषि यंत्रों का स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं होना एवं किसानों की जरुरत के समय उपकरणों तक उनकी पहुंच नहीं होना प्रमुख कारणों में था।



अधिकांश छोटे किसानों के पास अपने कृषि उपकरण नहीं होते थे और इसके लिए उन्हें इसे संपन्न किसानों से मांगना या किराये पर लेना होता था। यह आवश्यक यंत्र छोटे किसानों को तब उपलब्ध होते थे, जब संपन्न किसानों को इसकी आवश्यकता नहीं रह जाती थी। इस तरह की निर्भरता के कारण छोटे एवं सीमांत किसानों को कृषि कार्यों में विलंब होता था, जिसका बुरा असर उनके फसलों के उत्पादन पर पड़ता था। उपकरणों का मूल्य ज्यादा होने के कारण छोटे किसान आर्थिक समस्या के कारण इसे खरीद भी नहीं पाते थे और खेती संबंधी उनकी समस्या बनी रहती थी।

इस कारण से संस्थागत स्तर पर आपसी समन्वय कर उपकरणों की खरीद एवं इसका उपयोग एक अच्छा विकल्प हो सकता है के विचार को जीविका ने आत्मसात किया। इसी सोच का परिणाम है कि जिले में कृषि यंत्र बैंक की स्थापना हुई।

इस कार्य में जीविका को कृषि विभाग का साथ मिला और वैसे जीविका परिवार जो किसानी करते हैं, उनके लिए कृषि यंत्र बैंक काफी मददगार साबित हो रही है। कृषि यंत्र बैंक की सामुदायिक स्तर पर स्थापना भी इन्हीं प्रयासों में एक कड़ी के रूप में की गई। जहां से छोटे किसानों को कृषि उपकरण समय पर एवं सस्ते दरों पर उपलब्ध होते हैं।

आज बेगूसराय के 13 प्रखंडों में 25 कृषि यंत्र बैंकों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें छौड़ाही, डंडारी, मटिहानी एवं मंसूरचक में तीन-तीन, साहेबपुर कमाल, बछवाड़ा, शाम्हो एवं सदर प्रखंड में दो-दो तथा बलिया, वीरपुर, तेघड़ा, खोदावंदपुर एवं गढ़पुरा में एक-एक कृषि यंत्र बैंकों का संचालन जीविका के संकुल स्तरीय संघ या ग्राम संगठन द्वारा किया जा रहा है। कृषि यंत्र बैंक में समूह की जीविका दीदियां ग्राम संगठन के माध्यम से आवेदन देती हैं और उपलब्धता के आधार पर उन्हें संयंत्र उपलब्ध करवाया जाता है। इस आवेदन की इंट्री ग्राम संसाधन सेवी द्वारा सीएचसी एप पर किया जाता है। हालांकि कृषि यंत्र बैंक के उपकरणों का उपयोग क्षेत्र के अन्य किसान भी करते हैं। लेकिन जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़े सदस्यों को प्राथमिकता दी जाती है। अन्य किसानों को भी "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर यह सुविधा प्रदान की जाती है। केन्द्रों में ट्रैक्टर, मल्टी क्रॉप थ्रेसर, रोटावेटर, जीरो टिलेज, पॉवर रीपर, पॉवर स्प्रेयर, पंपसेट सहित अन्य कृषि कार्य से जुड़े उपकरण उपलब्ध हैं।

यंत्रों के संचालन के लिए संकुल संघ द्वारा भाड़े पर चालक को रखा जाता है। इससे भी स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होता है। जीविका परियोजना कृषि संयंत्रों से संबंधित कृषि यंत्र बैंक की स्थापना कर गरीब परिवारों तक कृषि यंत्रों की समय पर पहुंच सुनिश्चित कर रही है। इन यंत्रों के उपयोग से जीविका दीदियों को कठिन परिश्रम से भी छुटकारा मिल रहा है एवं संचालक सामुदायिक संघ इससे आर्थिक रूप से भी लाभ में हैं।

### कूचबिहार पॉलिटेक्निक के दो छात्रों की पिटाई, सीनियर छात्रों पर लगा आरोप

**कूचबिहार।** जादवपुर यूनिवर्सिटी में रैगिंग से छात्र की मौत की घटना पर देशभर में हंगामा मचा हुआ है। इधर हंगामा करने का आक्रोश थमने से पहले कूचबिहार में दो छात्रों की पिटाई का मामला शनिवार को सामने आया है। कूचबिहार पॉलिटेक्निक के प्रथम वर्ष के दो छात्रों की पिटाई का आरोप कुछ सीनियर छात्रों और बाहरी लोगों पर लगा है। यह घटना कूचबिहार शहर संलग्न ताकागाछ इलाके में देर रात हुई है। सूत्रों के मुताबिक, स्थानीय निवासी कार्तिक शील ने हाल ही में ताकागाछ इलाके में एक मेस खोला है। वहां आठ लोग रहते है। इनमें से अधिकतर कूचबिहार पॉलिटेक्निक के छात्र है। कथित तौर पर सीनियर और बाहरी लोग एक या दो लड़कियों के साथ उस मेस में आते थे। प्रथम वर्ष के दो छात्रों ने विरोध किया।

